# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

**विज्ञा. नं. आईसीएमआर/बीएमएचआरसी/भर्ती/विशेषज्ञ ग्रेड/01/2025-भर्ती कक्ष**

## विशेषज्ञ ग्रेड III हेतु भर्ती-सूचना

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि: 02.06.2025**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। परिषद अपने नई दिल्ली स्थित मुख्यालय और देश भर में स्थित अपने 27 संस्थानों/केंद्रों तथा बहु संख्यक फील्ड स्टेशनों के माध्यम से राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में जैव चिकित्सा/स्वास्थ्य अनुसंधान से संबंधित कार्य कर रहा है।

1. परिषद अपने, आईसीएमआर- भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी), भोपाल में वेतन लेवल- 11 (67,700-2,08,700 रुपये) (पूर्व संशोधित ग्रेड वेतन पे 6600/- रुपये) में विशेषज्ञ ग्रेड III के 07 रिक्त पदों (एसटी-1, ओबीसी-2, अनारक्षित-4) को पदों को भरने के लिए परिषद के निम्नलिखित विभागों के अंतर्गत अखिल भारतीय दायित्व के साथ सीधी भर्ती के अधीन नियमित आधार की नियुक्ति हेतु भारतीय नागरिकों से 2 जून, 2025 की सांय 5:30 बजे तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
2.

| पद | विभाग | कुल रिक्तियां | अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| **विशेषज्ञ ग्रेड पद III**<br><br>**07 रिक्तियां ***<br>एसटी **-01**<br>ओबीसी **-02**<br>अनारक्षित **-04** | चिकित्सा<br>नेत्र विज्ञान | 05<br>02 | अधिकतम चालीस वर्ष (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पांच वर्ष तक की छूट है)<br><br>**ध्यान दें-** भारत के अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि आयु-सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तिथि ही होगी। |

* **ध्यान दें:** पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण (कुल रिक्तियों का चार प्रतिशत (4%), अर्थात 07 रिक्तियों में से एक) समस्तरीय आधार पर दिया जाएगा।

**2. विशेषज्ञ ग्रेड ||| के लिए अनिवार्य अर्हकता**

(I) भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम, 1956 (1956 का 102) की प्रथम अनुसूची या द्वितीय अनुसूची या तीसरी अनुसूची के भाग || में (अनुज्ञाप्राप्त योग्यता के अलावा) शामिल मान्यता प्राप्त बैचलर ऑफ मेडिसिन और बैचलर ऑफ सर्जरी (एम.बी.बी.एस.) की उपाधि तृतीय अनुसूची के भाग || में शामिल शैक्षिक योग्यता धारियों को भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम, 1956 (1956 का 102) की धारा 13 की उप-धारा (3) में विनिर्दिष्ट शर्तों को भी पूरा करना चाहिए।

(II) संबंधित विशेषज्ञता या सुपर स्पेशियलिटी में स्नातकोत्तर उपाधि या डिप्लोमा, अर्थात्:-

(क) मेडिसिन-डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (मेडिसिन); या डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (जनरल मेडिसिन); या

(ख) नेत्र विज्ञान-मास्टर ऑफ सर्जरी (नेत्र विज्ञान), या डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (नेत्र विज्ञान), या नेत्र विज्ञान में डिप्लोमा, या नेत्र चिकित्सा और सर्जरी में डिप्लोमा।

(III) प्रथम स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के पश्चात संबंधित विशेषता या सुपर स्पेशियलिटी में तीन वर्ष का अनुभव अथवा स्नातकोत्तर डिप्लोमा के पश्चात पांच वर्ष का अनुभव।

**नोट 1:** डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन (डी.एम.) या मैजिस्टर चिरर्जिया (एम.सीएच.) अर्हकताधारकों के मामले में, पांच वर्ष की अवधि के लिए, उक्त डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन (डी.एम.) या मैजिस्टर चिरर्जिया (एम.सीएच.) के अंतिम भाग में प्रदान की गई वरिष्ठ स्नातकोत्तर निवास की अवधि को अनुभव की आवश्यकता के लिए गिना जाएगा।

**नोट 2:-** विज्ञापन के समय विषयवार शैक्षणिक योग्यता और अनुभव निर्धारित किया जाएगा।

**नोट 3:-** विशेष योग्यता रखने वाले योग्य अभ्यर्थियों के मामले में, लिखित रूप में दर्ज किए जाने वाले कारणों से परिषद के विवेक पर योग्यता में छूट दी जा सकती है, अन्यथा नहीं।

टिप्पणी 4:- यदि चयन के किसी भी स्तर पर परिषद की यह राय है कि इन समुदायों से अपेक्षित अनुभव रखने वाले पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए उपलब्ध होने की संभावना नहीं है; तो, अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के मामले में लिखित रिकार्ड किए गए कारणों के लिए अनुभव संबंधी योग्यताओं में परिषद के विवेक पर छूट है।

3. **शुल्क:**

आवेदन शुल्क के रूप में 1500/- (केवल एक हजार पांच सौ रुपये) अपेक्षित है। एससी/ एसटी/ महिला/ पीडब्ल्यूबीडी/ ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क से छूट है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिए गए लिंक के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। आवेदन शुल्क का एक बार भुगतान हो जाने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

4. **आवेदन कैसे करें:**

i. अभ्यर्थियों को अपेक्षित आवेदन शुल्क के साथ https://recruit.icmr.org.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना चाहिए।

क. आवेदन के साथ निम्नलिखित स्व-सत्यापित दस्तावेज अपलोड करने अनिवार्य है: -

1) जन्म तिथि प्रमाण
2) शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र
3) अनुभव

5. **अन्य शर्तें:**

1) आवेदन-पत्र ऑनलाइन आवेदन शुल्क के साथ जमा किया जाना चाहिए। आवेदन की मूल प्रति (हार्ड कॉपी) परिषद मुख्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है।
2) किसी भी समय भर्ती प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद किसी भी व्यक्ति द्वारा आवेदन में कोई गलत जानकारी दिए जाने या किसी भी सामग्री को छिपाए जाने की स्थिति में, उसकी उम्मीदवारी/सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी।
3) सहायक दस्तावेजों के बिना अपूर्ण आवेदन अस्वीकार करने के योग्य है।
4) व्यक्तिगत चर्चा के समय, केंद्र/राज्य सरकार के विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकार में कार्यरत आवेदक, वित्त पोषित अनुसंधान एजेंसियों को नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करना होगा, कि आवेदक को नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा ।
6) किसी अभ्यर्थी या उसके परिवार के सदस्यों द्वारा लाया गया कोई भी बाहरी प्रभाव (राजनीतिक या अन्यथा) उसे अयोग्य घोषित कर देगा।
7) कोई भी मामला, जिसके लिए कोई विशेष निर्देश नहीं दिए गए है, उन पर परिषद द्वारा निर्णय किया जाएगा और यह निर्णय अंतिम और अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।
8) कोई भी अन्य विवरण / संचार केवल परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे किसी भी अपडेट के लिए नियमित रूप से परिषद की वेबसाइट का अवलोकन करें।
9) विज्ञापन के खिलाफ भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद नई दिल्ली न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में होगा।

**<u>अल्प-सूचीबद्धता- मानदंड:-</u>**

**<u>क</u>**. अल्प-सूचीबद्धता परिषद द्वारा निर्धारित मानदंडों पर आधारित है।

**ख**. सबसे पहले आयु, शैक्षिक योग्यता और अनुभव (जहां भी अनिवार्य हो) के संबंध में न्यूनतम पात्रता को पूरा करने वाले सभी अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

**ग**. यदि ऐसे छंटनी किए गए अभ्यर्थियों की संख्या अधिक है और उन सभी को साक्षात्कार के लिए बुलाना संभव नहीं है, तो परिषद के नियुक्ति प्राधिकारी अर्थात महानिदेशक, आईसीएमआर द्वारा तय किए गए कुछ उपयुक्त अल्प-सूची (छंटनी) मानदंडों के आधार पर

अभ्यर्थियों की आगे भी छंटनी की जाएगी। हालांकि, योग्यता के आधार पर, यह हर मामले में अलग-अलग हो सकता है, आईसीएमआर आमतौर पर संबंधित क्षेत्रों में उच्च अनुभव वाले अभ्यर्थियों या उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों को बुलाना पसंद करता है।

**नोट:** अभ्यर्थियों को अल्प-सूची (छंटनी) तैयार करने का उद्देश्य एक समय में उपलब्ध रिक्तियों की संख्या, अनिवार्य योग्यताएं पूरी करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या और निर्धारित अन्य शर्तों को ध्यान में रखते हुए, साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को एक उचित सीमा तक सीमित करना है। साक्षात्कार बोर्ड के समय को तर्कसंगत बनाने तथा साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को उचित रूप से सीमित करने के लिए, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से कुछ मानदंडों का एक सेट अपनाया गया हैं, जो निम्नानुसार हैं:

| | |
|---|---|
| एक रिक्ति के लिए | अधिकतम 12 उम्मीदवार |
| 2-3 रिक्तियों के लिए | अधिकतम 24 उम्मीदवार |
| 4-6 रिक्तियों के लिए | अधिकतम 36 उम्मीदवार |
| 7-9 रिक्तियों के लिए | अधिकतम 48 उम्मीदवार |
| 10 रिक्तियों और उससे अधिक के लिए | अधिकतम 50 अभ्यर्थी या उससे अधिक (रिक्तियों की संख्या का 5 गुना) |

**ध्यान दें:**

किसी भी तकनीकी सहायता के लिए कार्य दिवसों में प्रात: **9:30** बजे से सांय **5:30** बजे **(IST)** के बीच दूरभाष नं.- **011-26589167** पर कॉल कर सकते है या **query.rpcell@icmr.gov.in** पर ईमेल कर सकते हैं। भुगतान से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया **e-payment@icmr.gov.in** पर ईमेल करें।

रीना शर्मा

**सहायक महानिदेशक (प्रशासन)**

**Disclaimer**

यह विज्ञापन अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में प्रकाशित किया गया है। यद्यपि अंग्रेज़ी से हिंदी अनुवाद करते समय अत्यंत सावधानी बरती गई है, तथापि व्याख्या में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

This Advertisement is published in English and Hindi languages. Utmost care is taken to translate from English to Hindi. However, in case of any kind of discrepancy or variation in interpretation, the English version shall be treated as final.